## सार-समाचार

### भीमथल में उजाले के लिए तरह रहे लोग

**धोरीमन्ना**, (निसं)। देश कि आजादी के बाद देश में कहीं नेता आए और गये। पर इस गांव के मतदाताओं की हालात पर किसी नेता की नजर नहीं पडी । यह गांव विधानसभा क्षेत्र गुडामालानी के पंचायत समिति धोरीमन्ना के ग्राम पंचायत भीमथल है । जिसमें पाबुजी महाराज की देव भुमि में रहने वाले अलग-अलग समाजों के लोग आज भी गुलामी कहे या सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। आज दिन इस लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार धोरीमन्ना क्षेत्र के भीमथल गांव के पाबुजी महाराज कि तपों भुमि में निवास करने वाले भील समाज,ढाडी समाज,मेघवाल, सहित अन्य समाजों के लोग आज बदलते देश में गरीबी और मूलभूत सुविधाओं के लिए मतदाता तरस रहे हैं। देश दिनों दिन प्रगति कर रहा है यह लोग पेयजल,बिजली, प्रधानमंत्री आवास,नरेगा, सहित कई मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटकर उम्र पुरी कर दी । पर इनकी बात ओर दिक्कतो को किसी नेता ओर सरकार के प्रशासनिक अधिकारी ने सुनी और नहीं देखी । यह लोग अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरसने के साथ सरकारी अधिकारियों को बार बार कहकर थक गए है । भीमथल पाबुजी महाराज कि तपों भुमि में रहने वाले गोमाराम भील ने बताया कि मेरे परिवार कही वर्षो से इस पाबूजी महाराज कि ओरड भुमि में निवास करते हैं । हमारे परिवार में पच्चास से ज्यादा सदस्य हैं । आज दिन हमें ओर मेरे किसी परिवार के सदस्यों सहित अन्य समाजों के लोगों को भी सरकारी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है । पुरो देवी भील ने कहा कि मेरे पति का दुर्धटना में मौत हो गई । ना तो मेरे पास रहने के लिए भुमि है ना मेरे छोटे छोटे तीन बच्चों को पालने का भी सहारा नहीं है । ऐसे में सरकार मेरे गरीब परिवार का सहारा बनकर मुझे मूलभूत सुविधाओं से जोडने की मांग की । सरकारी दफ्तरों के चक्कर निकालकर 60 साल पुरे कर दिये । मगर आज दिन किसी ने हमारी नहीं सुनी । आज भी हम लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं । मैं प्रशासन से कहना चाहता हूं हमें सरकारी सुविधाओं का लाभ नियम अनुसार देकर सरकारी सुविधाओं से जोडने की मांग की ।

### मंदिर की जमीन से कब्जे हटाने का ज्ञापन

**फलोदी**, (निसं)। शहर के मध्य कि भेरू गिरी जी महाराज की सारी नीलकंठ महादेव मंदिर के डोली की जमीन पर बसे अतिक्रमण हटाकर मंदिर डोली की जमीन मंदिर को सुपुर्द करने के उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों की पालना को लेकर जिला कलेक्टर श्वेता चौहान को मंदिर महंत महेशानंद गिरि महाराज के सानिध्य में लोगो ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम फलोदी, पटवार हल्का फलोदी, भू. अभि.नि.क्षै. फलोदी, तहसील फलोदी, जिला फलोदी (जोधपुर) के खसरा संख्या 257 रकबा 61 बीघा 9 बिस्वा डोली भूमि पर भूमाफियों द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से बिना अधिकारिता के आगे से आगे बैचान कर राजस्व रेकर्ड में म्युटशन न. 2729 दिनांक 28 जुलाई 2016 दर्ज करवा लिया है, जो वक्त सेटलमेंट व उसके पहले से भैरूगिरी जी सराय नीलकंठ महादवे मन्दिर के नाम से दर्ज हैं जिस पर भूमाफियों व अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया हैं। वीर निर्माण आदि करवा रहे हैं और उक्त डोली भूमि पर भूमाफिया द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से डोली मन्दिर की भूमि का उपयोग कर रहे हैं और कच्चा पक्का निर्माण करने को भी आमादा हैं तथा उक्त डोली भूमि को अतिक्रमणियों द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अपने नाम से राजस्व रेकर्ड में भी अमल दरामद करवा दी हैं। जबकि ऐसा करने का उनको कोई अधिकार नहीं हैं व अतिक्रमणियों द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाने के बाद आगे-से-आगे प्लोट का बैचान कर दिया हैं जो अवैध हैं। जिस पर भी विधिक कार्यवाही कर पुनः मंदिर के नाम म्यूटेशन दर्ज कर न्यायोचित एवं विधि सम्मत कार्यवाही आवश्यक हैं।

### फलोदी में भाजपा की कार्यशाला हुई

**फलोदी**, (निस)। भारतीय जनता पार्टी जोधपुर देहात उत्तर की अटल स्मृति अभियान एवं सुशासन पखवाडा के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन होटल तुलसी सभागार मलार रोड पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योति जाणी जोधपुर उत्तर,विशिष्ट अतिथि संगठन सह प्रभारी महेंद्र मेघवाल एवं मुख्य वक्ता फलोदी के विधायक पब्बाराम राम बिश्नोई रहे। कार्यशाला में सभी अतिथियों ने पार्टी एवं संगठन के बारे में विशेष चर्चा करते हुए संगठन को बडे रूप पर मानक तैयार करने पर एवं सुशासन पखवाडा पर प्रकाश डालते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला महामंत्री माधु सिंह देवडा ने किया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा शहर मंत्री लक्ष्मीनारायण व्यास,घनश्याम पवार जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा जोधपुर शहर,जयप्रकाश बोहरा जिला महामंत्री,मेघराज कल्ला, केवल राम मेघवाल जिला उपाध्यक्ष, कार्यक्रम में युद्धवीर सिंह ढाका, ओम बोहरा, शिव पंचारिया, सहदेव चारण ,संजय कानासर सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यशाला में शिवकुमार व्यास, सुनील व्यास,गोपाल रंगा, मुरलीधर देया, स्वामी बालकृष्ण, चतुर्भुज सोनी, महेश पालीवाल, ओम प्रकाश शर्मा, सौरभ बोहरा,राजीव देवडा, जगदीश पालीवाल, सिकंदर घोषी, श्याम काच्छवाणी, मुकेश पीलवा, दुर्ग सिंह सिहडा,मोती जिनगर, गुमानसिंह खीचन, अमृतलाल, देवी भार्गव, सीमा चौहान सरिता ओड आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छगन राजपुरोहित ने शिलान्यास किया

**जालोर**, (कासं)। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने सोमवार को क्रमोन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए अस्पताल भवन का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण एवं संत-महात्माओं के सानिध्य में संपन्न हुआ। शिलान्यास समारोह में आहोर छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि इससे भाद्राजून क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं सहित अन्य चिकित्सा सुविधाएं सुगमता से मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह सीएचसी क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर विकास कार्यों की जानकारी दी। शिलान्यास समारोह में महंत संतोष भारती महाराज, मांगीलाल प्रजापत, अमरसिंह तोड़मी, शैतानसिंह नोरवा, महावीरसिंह पांणवा, लालसिंह राजपुरोहित, दिनेशसिंह राठौड़, शैतानसिंह भाद्राजून, कैलाश शर्मा, स्थानीय प्रशासक सुरेन्द्र मीणा, अमृत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, रमेश सिंह नोरवा सहित विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग ने सहयोग की अपील की

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा निजी बसों के मालिकों को 31 दिसम्बर तक बसों पर लगे कैरियर और ऊपर चढ़ने की सीढ़ियां हटाने की अपील जारी की गई है। जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी ने समस्त निजी बसों के मालिकों से अपील की हैं कि वे छत पर लगे कैरियर और ऊपर चढ़ने की सीढ़ियाँ 31 दिसम्बर तक हटा लेवें। इसके लिए सभी बस ऑपरेटर, मालिकों व चालकों को 31 दिसम्बर तक का समय दिया गया है। इसके उपरांत बसों पर कैरियर व सीढ़ियाँ नहीं हटाए जाते हैं तो 1 जनवरी, 2026 से प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि निजी बस संचालक छतों पर भी यात्रियों को बैठ्ठा देते है और सामान भी रख देते हैं, जो कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से घातक है। सड़क सुरक्षा मानकों की पालना से निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। राज्य सरकार द्वारा ओवरलोडिंग व ओवरक्राउडिंग की समस्या को देखते हुए निर्देश दिए गए है। निर्देशों की पालना नहीं करने पर चालान काटने के साथ ही बसें भी सीज की जायेगी।

### तहसीलदार का बहुमान किया

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट भटाना कस्बे के समीपवर्ती ग्राम सलोतरा के ग्रमीण जनो ने आज तहसील कार्यालय सिरोही में तहसीलदार जगदीश कुमार विश्नोई का बहुमान किया गया। पूर्व में रेवदर तहसील में कार्यरत थे उनके द्वारा सालोतरा में सहरणीय कार्य किये गए थे कांग्रेस अध्यक्ष रामाराम कोली एवं सालोतरा के रणछोड राम पुनाराम भुराराम भमराराम छगन राम नरसाराम भमराराम मंशा राम भंवरा राम गणेश कुमार अमरत दलाराम चन्दूलाल हेमाराम आलाराम माधाराम नगाराम रमेश कुमार प्रकाश चमनलाल रणजीत दशरथ विनोद कुमार सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### चाकू लेकर घूमते युवक को पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की सरदारपुरा पुलिस ने डी रोड पर एक युवक को चाकू सहित पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया। सरदारपुरा पुलिस थाने के हैडकांस्टेबल मूलचंद ने गश्त के समय सरदारपुरा डी रोड पर राजीव गांधी बस्ती चांदणा भाखर निवासी मो. साहिल पुत्र जबार खां को चाकू सहित पकड़ा।

# कांग्रेस का अरावली बचाओ अभियान, पैदल मार्च निकाला

**जालोर**, (कासं)। आहोर उपखण्ड मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आहोर और भाद्राजून के संयुक्त कार्यक्रम के तहत सोमवार को अरावली बचाओ जन आंदोलन और महात्मा गांधी नरेगा को निरस्त करने के विरोध में सरोज चौधरी के नेतृत्व में जन जागरण रैली को लेकर पैदल मार्च निकाला गया।

रैली में भैंसवाडा रोड प्याऊ से अस्पताल रोड आहोर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का विरोध किया। रैली के दौरान आमजन को यह बताया गया कि केंद्र और राज्य सरकार जन विरोधी है और इन्हीं जन विरोधी नीतियों के तहत ही महात्मा गांधी नरेगा योजना को निरस्त किया जा रहा है। इधर अरावली की ऊंचाई को निर्धारित कर कथित रूप से खनन माफिया के हौसलों को तवज्जो देने का काम कर रही है।

विधानसभा प्रत्याशी सरोज चौधरी ने कहा कि अरावली पर्वतमाला प्रदेश की जीवनरेखा है। यही अरावली रेगिस्तान के विस्तार को रोकने में सहायक है और धूलभरी आंधियों से बचाव करती है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने महात्मा गाँधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के लिये एक विधेयक पेश कर अत्यन्त चिंताजनक और सुनियोजित कदम उठाया है। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने के लिये महात्मा गाँधी का नाम हटाने, रोजगार गारंटी का विनाश करने, केन्द्र सरकार का जिम्मेदारी से पीछे हटने जैसे कार्य इस विधेयक के अन्तर्गत पारित करना प्रस्तावित है।

पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल ने कहा कि अरावली पर्वतमाला पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होने के साथ ही प्रदेशवासियों के लिए आस्था का केन्द्र है। अनेक देवालय इस पर्वतमाला पर स्थित है।

जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा षड्यंत्र रचकर प्रदेश की पहचान अरावली पर्वतमाला को खनन माफियाओं के हवाले कर खनन पट्टे आवंटित कर समाप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की इस बहुमूल्य सम्पदा को नष्ट होने से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त नेता एवं कार्यकर्ता कृत संकल्प है।

आहोर ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्रसिंह डोडियाली ने कहा कि अरावली पर्वतमाला समाप्त ना हो और भाजपा द्वारा प्रदेश की सम्पदा को अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप कर लुटवाने के षड्यंत्र के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में जन-जागरण अभियान चलाने के साथ ही अरावली पर्वतमाला को बचाने को लेकर केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूद्ध व्यापक जन आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बस्तीमल चौहान, संगठन महासचिव विरेन्द्र जोशी, पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक थांवला, मंडल अध्यक्ष कुशाल सिंह, जोगेंद्रसिंह, प्रकाश सिंह, शंकर अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भंवरलाल छीपा, कांग्रेस नेता मिश्रीमल चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी सरपंच पुखराज मेघवाल, सरपंच वागाराम परमार, गजेसिंह वेडिया, कांग्रेस नेता खीमाराम चौधरी, शाकिर खां, भरतसिंह कुंवारडा, सुरेन्द्र नोरवा, नारायण सिंह राठौर, पन्नाराम चौधरी, हनसिंह भोमिया राजपूत, रणछोड राम, मकराराम, बालू सिंह राजपुरोहित, सुरेश चौधरी, भैराराम मेघवाल, किशन, चांद मोहम्मद, ताराराम चौधरी, ऊकाराम,जबराराम मीणा, रवि गर्ग,मिलापचंद जैन, पोलाराम मेघवाल,उदयराज ,नरिंगाराम चौधरी, भागीरथ चौधरी, युसुफ खां, अशोक मोतीसरी,रमेश मेघवाल, कानाराम सिंघल, प्रकाश पटेल, अलकेश्वर, गोविंद रमेश वेदाना,इंद्र कुमार, गेनाराम,थानाराम मेघवाल, ईश्वर सोलंकी , रूपाराम देवासी,किरण सिंह, कन्हैयालाल माली सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**आहोर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आहोर और भाद्राजून के संयुक्त कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी नरेगा निरस्त करने के विरोध व अरावली बचाओ जन आंदोलन के लिए पैदल मार्च निकाला।** फोटो-राष्ट्रदूत

## वरिष्ठ न्यायाधीश माहेश्वरी व पूर्व न्यायाधीश कोठारी का बांठिया ने स्वागत किया

**बालोतरा**, (निसं)। जनसेवक चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने विश्व विख्यात नाकोडा जैन तीर्थ में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी व हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विनीत कुमार कोठारी से भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

गणपत बांठिया ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जे.के.माहेश्वरी व हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विनीत कुमार कोठारी तथा का नाकोंडा तीर्थ पर गुलदस्ता भेंट कर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया।

बांठिया ने न्यायाधीशों को अवगत कराया कि पूर्व विधायक स्वर्गीय चम्पालाल बांठिया के आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चलते हुए चेरिटेबल ट्रस्ट क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा एवं जनकल्याण से जुडे अनेक कार्य निरंतर कर रहा है।इस दौरान माहेशवरी एव कोठारी ने नाकोडा तीर्थ में भगवान पार्श्वनाथ एवं अधिष्ठायक भैरवदेव के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने तीर्थ की आध्यात्मिक ऊर्जा एवं शांत वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि लगभग दस वर्ष पूर्व भी वे नाकोडा तीर्थ आए थे और आज पुनः यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। तीर्थ की व्यवस्थाएं एवं धार्मिक वातावरण मन को शांति प्रदान करने वाला हैं।

नाकोड़ा तीर्थ ट्रस्ट की ओर से न्यायाधीशों का साफा, माला एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंशाराम सुथार, नाकोडा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश वडेरा, गौतम बालड सहित कई जने एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अरावली के संबंध में फैला रही है भ्रम : सांसद चौधरी

**रेवदर**, (निसं)। जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा अरावली पर्वतमाला पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

चौधरी ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा भारत एवम राजस्थान में हो रहे विकास को देखकर बोखला गई है,जिस कारण अब कांग्रेस के पास कोई मुद्दा न होने के कारण आये दिन अनलीगल बयान देकर आम जन में भ्रम फैला रही है।चौधरी ने बताया कि कांग्रेस की पुरानी आदत है तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए जनता में भ्रम फैलाना। उन्होंने कहा कि डोटासरा और उनकी टीम ने पहले सीएए और एसआईआर को लेकर जनता को गुमराह किया, और अब अरावली के खनन को लेकर भ्रम फैला रहे हैं।

चौधरी ने स्पष्ट किया कि सिरोही जालोर मे 9० प्रतिशत पहाड वन विभाग के पास है जिस पर खनन होने का सवाल ही नही होता है माननीय भूपेन्द्र जी यादव वन एवं पर्यावरण ने स्पष्ट आदेश किया है कि अरावली पहाडियो पर किसी भी तरह का खनन नही होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अरावली के एक भी पत्थर के नुकसान को बर्दाश्त नहीं करेगी।भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है कि अरावली संरक्षण क्षेत्र को परिभाषित किया जाए और अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि नई परिभाषा के अनुसार अरावली के 5०० मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र आरक्षित होंगे, जिससे खनन क्षेत्र में कमी आएगी।

चौधरी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा कि वह अवैध खनन के आरोप केवल कल्पना के आधार पर लगा रही है, जबकि भाजपा ने वन संरक्षण और वृक्षारोपण को लेकर कई अभियान चलाए हैं।

## गुजरात के विद्यार्थी जैसलमेर भ्रमण पर आए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत गुजरात के सिद्धपुर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के दल ने जैसलमेर स्वर्ण नगरी का शैक्षिणक भ्रमण किया । दल प्रभारी शिक्षक श्री शशिकांत ने बताया कि दल में 27 छात्राएं और 23 छात्र शामिल रहे। जिनमे कक्षा आठवीं के 20 टॉपर विद्यार्थी, कक्षा दसवीं के 20 टॉपर विद्यार्थी तथा 10 विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता के आधार पर कर के भ्रमण हेतू लाया गया है। दल को सोनार दुर्ग, गड़ीसर सरोवर, दीवान सालमसिंह हवेली, दिवान नथमल हवेली, पटवा हवेली, जेठा पाड़ा की नवीन हवेली के अग्र भाग में पीत पाषन पर की गई बारीक करीगिरी को दिखाया गया।

## हस्तशिल्प उत्सव में बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विशविद्यालय द्वारा रावण का चबूतरा मैदान में चल रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 में जन सामान्य के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

इसमें पंचकर्म चिकित्सा, प्रकृति परीक्षण, स्वर्णप्रशन, नशामुक्ति सामान्य चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आदि स्वास्थ्य सुविधाएं है।

आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं में अभी तक आयुर्वेद सामान्य चिकित्सा से 297 आमजन लाभान्वित हुए, मेले में 323 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई गई, 295 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया गया, 273 लोगों ने होम्योपैथी चिकित्सा तथा 252 लोगो ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा परामर्श 93 लोगों के साथ ही 60 लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया।

मेला प्रभारी डॉ. जोगेंद्र प्रजापत, काय चिकित्सा के डॉ. करण सिंह, डॉ. सदावत खान, डॉ. अमित गहलोत, डॉ. वैभव, डॉ. हरीश लोड़वाल, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मेघा अठावाल, डॉ. यामनी, डॉ. अदिति एवं होम्योपैथी डॉ. अंकिता, डॉ. भंवर लाल पटेल सहित स्नातकोत्तर अध्यताओं ने चिकित्सा सेवाएं दी।

## शिविर आज से

**सायला**, (निसं)। नगर के नया बस स्टैंड स्थित श्रीमति वदीबाई छोगालालजी भंडारी राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में द्वितीय निःशुल्क पशु शल्य चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन 3०. दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

यह तीन दिवसीय शिविर स्व. सुमटीबाई भबूतमल भंडारी परिवार के सहयोग से आयोजित हो रहा है। शिविर का उद्घाटन 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर प्रदीप के. गवांडे रहेंगे। वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी सुरजभान विश्नोई एवं उप पुलिस अधीक्षक जालोर गौतम जैन उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, अतिथि विशेष जालोर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. गिरधरसिंह सोढा होंगे।

## जोधपुर में प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट हाउसफुल, होटलों में भी नो रूम की स्थिति

**जोधपुर**, (कासं)। नए साल 2026 के स्वागत से पहले ही सूर्यनगरी पर्यटकों से पूरी तरह गुलजार है। देश और विदेश से बड़ी संख्या में लोग न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए जोधपुर पहुंच रहे हैं। जोधपुर शहर के होटल, रिसॉर्ट, होम-स्टे और गेस्ट हाउस लगभग फुल हो गए हैं। पर्यटन स्थलों, बाजारों और ऐतिहासिक धरोहरों पर रौनक देखते ही बन रही है।

जोधपुर शहर में न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए पर्यटकों की भीड़ बढ़ने लगी है। शहर के प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट पर इन दिनों टूरिस्ट की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। जोधपुर शहर के प्राचीन मेहरानगढ़ दुर्ग, उम्मेद भवन पैलेस, माचिया सफारी पार्क, सुरपुरा बांध, मंडोर उद्यान, कायलाना लेक, घंटाघर, जसवंत थड़ा सहित प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर इन दिनों देसी और विदेशी टूरिस्ट पहुंच रहे हैं।

खास बात यह है कि ईयर एंड होने की वजह से भारी भीड़ भी नजर आ रही है। जोधपुर शहर में आम दिनों के मुकाबले टूरिस्ट की संख्या में दोगुना बढ़ोतरी हो चुकी है।

जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग के म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि की यहां पर आम दिनों में 2500 से 3000 के करीब पर्यटकों की आवाजाही रहती है, लेकिन इन दिनों यह आंकड़ा 6 से 7000 तक पहुंच चुका है। जिसमें देशी और विदेशी टूरिस्ट भी शामिल हैं। लोग परिवार और दोस्तों के साथ न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए पहुंचे है।

# प्रजापत समाज का प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित

**जालोर**, (कासं)। समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान सुमेरपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय त्रि जिला स्तरीय जालोर, सिरोही, पाली का युवक युवती परिचय एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह भीनमाल शहर में शंकरभाई प्रजापति वाटिका में आयोजित हुआ।

संस्थान के उपाध्यक्ष हेन्द्र कुमार राठौड जालौर ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्रीयादे माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस परिचय सम्मेलन में संपूर्ण क्षेत्र से लगभग 50 युवक युवतियों ने भाग लिया। इन सभी को मंच प्रदान किया गया। संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा इनका दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया । युवक युवतियों द्वारा अपना संक्षिप्त विवरण मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया और समाज में हो रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में अपने-अपने सुझाव दिया। संस्थान के उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राठौड ने अपने उदबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में सगाई एवं परिचय में जो बाधाएं आ रही है उसका निराकरण होगा। साथ ही पहले के जमाने में जब किसी के घर में या सामाजिक आयोजन होता था तब लोगों का मिलन होता था। आपस में बातचीत होती थी और मुलाकात होती थी जिसे संबंध गहरे होते थे, भाईचारा बढता था। संबंध को लेकर जो आज की दुविधा बनी हुई है। उस समय ऐसी परिस्थिति नहीं थी कार्यक्रम में शिवगंज के पूर्व प्रधान जीवाराम आर्य ने भी अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम का मंच संचालन गणेश प्रजापति उदयपुर ने किया। कार्यक्रम के दूसरे दिवस पर समाज की 500 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर ईश्वर प्रजापति वरिष्ठ वैज्ञानिक अहमदाबाद, पुखराज प्रजापत सेवानिवृत्ति उप प्रधानाचार्य, चेलाराम प्रजापति उप प्राचार्य लियादरा, मफतलाल प्रजापति पूर्व अध्यक्ष मारू प्रजापति छात्रावास सांचौर, किशनाराम आहोर उपस्थित रहे और गोविंद वल्लभदास महाराज श्रीपतिधाम नंदनवन सिरोही का सानिध्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में भामाशाह बाबूराम विरमाराम जगराम अशोक भागल सेफ्टा चुनाराम गोपाराम मोदरान जोगाराम लालाराम गोदाराम भादरडा हिमातराम सुरेश नाराणाराम निंबावास वीराराम लखन देलवाडा वगताराम सरथला भीनमाल सुपर मार्केट रूपाराम बगदाराम भागल सेफ्टा जोमतराम निंबावास सांवलाराम मोहनलाल सरथला खेखी देवी जुंजाणी सोपाराम भागल सेफ्टा मंजुदेवी नरता कालूराम वसनाराम सरथला रामचंद्र रोहिट का साफा माला से बहुमान किया गया । संस्थान के संयोजक ललित मेडतिया सुमेरपुर ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को मिटाना, शिक्षा, आरोग्य को बढावा देते हुए सामाजिक एकरूपता का उदाहरण स्थापित करना मूल बिंदु है। गोविंद वल्लभदास ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तो हर कोई प्राप्त कर रहा है लेकिन संस्कार युक्त शिक्षा मूल है जो धीरे-धीरे कहीं ना कहीं विलुप्त होती जा रही है। पुराने समय में शिक्षा के लिए गुरुकुल की स्थापना होती थी, वरन वर्तमान में इन गुरुकुल का अस्तित्व समाप्त होता दिखाई दे रहा है। साथ ही समाज के युवा नशे की लत में पड रहे हैं। उन युवाओं एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि नशे को संपूर्ण रूप से समाप्त करना है और संस्कार के साथ बालक बालिकाओं को अपने जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देनी है । कार्यक्रम में राजस्थान, गुजरात, दक्षिणी भारत सहित हजारों की संख्या में समाज बंधु शामिल हुए और अंत में भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ । इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष कैलाश मंडोरा भाटूंद, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राठौड जालौर, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा सचिव रमेश मुलेवा, दिनेश ओसवाल जालोर, राजेश मालवीया,विष्णु टांक, अर्जुन प्रजापति, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष भंवरलाल पॉटर, महेन्द्र मावर ,विक्रम प्रजापत, दुदाराम प्रजापत, प्रशांत प्रजापत भीनमाल, कानाराम ऐनिया, चेतन रानीवाडा , रमेश सांचौर, मूंगाराम, कन्हैयालाल चांदना, बाबूलाल कुम्हार, सोमाराम रामसीन , राजू सोलंकी दक्ष प्रजापति अध्यक्ष चंपालाल चांदोरा सुमेरपुर, नरपत आर्य, बाबूलाल प्रजापत, गलबाराम आर्य, फूलाराम सहित कई पाली, जालौर, सिरोही के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचपटेल ने अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में संस्थान ने अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन महेन्द्र राठौड , गणेश प्रजापति उदयपुर द्वारा किया गया।




**सुमेरपुर में प्रजापति वेलफेयर संस्थान की ओर से त्रि जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय एवं प्रतिभावान विधार्थी सम्मान समारोह आयोजित हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

## दवाई के बदले पीया कीटनाशक, मौत हुई

**जोधपुर**, (कासं)। बोरानाडा स्थित मेलावास गांव में एक व्यक्ति ने दवाई के बदले कीटनाशक का सेवन कर लिया। अस्वस्थ होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दी।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि मेलावास बोरानाडा निवासी अनाराम पुत्र भूराराम मेघवाल की तरफ से दर्ज कराई मर्ग रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई 43 साल के कैलाश मेघवाल ने भूल से दवाई के बदले कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिस पर उसे अस्वस्थ होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

## ओड बस्ती में सेवा भारती का चिकित्सा शिविर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सेवा भारती समिति द्वारा जिले में संचालित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शहर की नरसिंगनगर ओड बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 55 रोगियों को परामर्श एवं औषधि प्रदान की गई। शिविर का संचालन डॉ. दामोदर खत्री ने किया तथा शिविर में हीरालाल साधवानी, भीमाराम, ज्ञानचंद जोशी एवं रविकुमार जोशी का सहयोग रहा।

शिविर के दौरान समाज में व्याप्त नशे की बुराईयों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनसमूह को समझाया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ और सुखी जीवन का आधार है. इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। जिले में सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों में बच्चों को नैतिक शिक्षा, अनुशासन, योगाभ्यास और देशभक्ति का संस्कार दिया जा रहा है। साथ ही, संगठन द्वारा साप्ताहिक चिकित्सा शिविर और विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम भी निरंतर चलाए जा रहे हैं। ''नर सेवा ही नारायण सेवा है, इस आदर्श को साकार करते हुए सेवा भारती जिले में संस्कार, सेवा और समर्पण की ज्योति प्रज्वलित कर रहा है।